हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 27 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर, अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक मज़बूत बनाने की जरुरत पर बल दिया है।
- केंद्र सरकार ने "बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने थानेसर में शेख चिल्ली के मकबरे से "स्वच्छ कुरुक्षेत्र" महा सफाई अभियान की शुरुआत की।
- हरियाणा सरकार द्वारा कम आय वाले पात्र लोगों को 100 वर्ग गज़ के भूखण्ड दिए जाएंगे।
- जींद जिले के करेला गांव के ग्रामीणों ने बढ़ते प्रदूषण के प्रकोप से निजात दिलाने की दिशा में एक सार्थक पहल की।

**************************************************************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक सख्त बनाने की जरूरत है। लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है लेकिन साथ ही सोशल मीडिया में संपादकीय अंकुश की कमी के कारण अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। ओटीटी मंचों की सामग्री के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि हमारे देश की और उन देशों की संस्कृति में बहुत अंतर है जहां से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा कि संसद की संबंधित स्थाई समिति को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए और कड़े कानून बनाने चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार

ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 अधिसूचित किए हैं जिनमें ओटीटी मंचों के प्रसारकों के लिए आचार संहिता निर्धारित की गई है।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में 'बाल विवाह मुक्त भारत' राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत कर कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा:

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह की घटनाओं को दर्ज कराने के अभियान के लिए विकसित किया गया है।

*************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मद्देनज़र धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज थानेसर शहर में शेखचिल्ली के मकबरे से स्वच्छ कुरुक्षेत्र महासफाई अभियान का शुभारम्भ किया। स्वच्छता महाअभियान के तहत शहर को 18 जोन में बांटा गया है। मुख्यमंत्री और उनके साथ सैकड़ों लोगों ने करीब एक घंटा शेखचिल्ली मकबरे से लेकर ओपी जिंदल पार्क, ज्योतिबा फुले व ताऊ देवीलाल चौक पर श्रमदान किया। उन्होंने स्वच्छता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वच्छ कुरुक्षेत्र के बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर भी किए। नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुन्दर बनाना सबकी पहली जिम्मेदारी है, ताकि पूरी दुनिया में कुरुक्षेत्र की स्वच्छता को लेकर विशेष पहचान बने

उन्होंने कहा कि विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में सबसे पहला लक्ष्य हरियाणा को पूर्णतः: स्वच्छ बनाना है। इसके लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

***********************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा कम आय वाले पात्र लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100 वर्ग गज के भूखंड उपलब्ध दिए जाएंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इससे जल्द ही हरियाणा में दो लाख गरीब लोगों का अपना घर होने का सपना साकार होगा। श्री पंवार आज इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव अटावला, डूमियाना, उरलाना कलां, अहर, ख़लीला, परढ़ाणा, कारद तथा जोंधन कलां में ग्रामीणों की समस्यायें सुनने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में यह भूखंड आवंटित किए जाएंगे, वहाँ पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क और खुले हरे भरे स्थान जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को अपना घर बनाने में मदद करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।

***********************************************************************

न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने आज हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और दो नए सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने अपना कार्यभार संभाला। न्यायमूर्ति ललित बत्रा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं जबकि श्री कुलदीप जैन सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दीप भाटिया भी आयोग के सदस्य एवं कार्यवाहक अध्यक्ष रह चुके हैं।

***********************************************************************

जींद जिले के करेला गांव के ग्रामीणों ने बढ़ते प्रदूषण के प्रकोप से निजात दिलाने की दिशा में एक सार्थक पहल की है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह लोग सीजन के समय किसानों के खेतों से पराली को खरीद लेते है। और इस का भंडारण कर लेते है। बाद में मशीन से चार बना कर इसे राजस्थान में बेच देते है। इन ग्रामीणों ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि-

इसके माध्यम से उन्हे अच्छी खासी आमदनी हो रही है।

इनके माध्यम से अनेक लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। साथ ही किसानों को पराली जलाने से भी मुक्ति मिली है।

************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ में आयोजित चौथे ऑडिट दिवस के उपलक्ष्य में, मनाए गए लेखा परीक्षा सप्ताह के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग केवल त्रुटियाँ खोजने वाली संस्था नहीं रही है अपितु संस्था इस धारणा को बदल कर उन्नति के उद्देश्य से प्रणालीगत सुधार की दिशा में कार्य कर रही है। श्री दत्तात्रेय ने समारोह में विभाग के 16 अधिकारियों को उनके योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जिसमें 2 महिला अधिकारी भी शामिल है।

************************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पंचकूला के सेक्टर-12 ए स्थित सार्थक राजकीय समेकित आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने सारी व्यवस्था देखकर स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह विद्यालय प्रदेश के सरकारी स्कूलों के लिए

आदर्श है। हर स्कूल मुखिया को इस स्कूल की कार्यप्रणाली का अनुसरण करना चाहिए, तभी नई शिक्षा नीति के सार्थक परिणाम आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना ही राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

****************************************************************************